सुप्रभात

सोमवार 24.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 65

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ




स्पीड न्यूज

## कल से कोयलांचल में झमाझमा बारिश

**धनबाद।** दक्षिण.पश्चिम दिशा से आने वाला मानसून रास्ते में ठिठक गया है। अभी तक कोयलांचल में साईक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण बारिश देखने को मिल रही है। जिसके कारण तापमान गिरावट व गर्मी में नरमी देखने को मिल रही है। रविवार को भी मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहा। सुबह से शाम तक धूप.छांव का खेल चलता रहा। कई बार लगा बारिश अब होंने ही वाली हैए लेकिन अगले ही पल कड़क धूप का नाजारा देखने को मिला। इन सब के बीच शाम हवाएं भी चलीए जिसके कारण शहर का मौसम सुहाना हो गया। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट की माने तो राज्य में मानसून प्रवेश कर चुका है। फिलहाल इसका असर चाईबासाए पाकुड़ए साहिबगंज में देखने को मिल रहा है। इसके अलावा राजस्थानए छत्तिसगढ़ए मध्यप्रदेश से लेकर उड़िसा तक एक साईक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। इसका असर झारखंड में भी हैए जिसके कारण कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिल रही है। कोयलांचल सहित राज्य के अन्य हिस्सो में 25 जून से मानसून का असर दिखने लगेगा। दो से तीन दिनों तक झमाझम बारिश होंने की प्रबल संभावना है।

## अवैध बालू लदा तीन हाइवा जब्त

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस ने शनिवार रात बरवापुर दलदली रोड में हेरिटेज पब्लिक स्कूल के पास बालू लदे तीन हाईवा और दो कार को जब्त कर लिया। हाइवा पर जहां बालू लड़ा था वहिंनकार में बालू तस्कर सवार थे। इस संबंध में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बिना परिवहन चालान के अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कांति एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने रविवार को गोविंदपुर थाना में पत्रकारों को बताया कि क्षेत्र से बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किसी भी हालत में होने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में हाइवा चालक अब्दुल अंसारी ग्राम शहराज शमीम अंसारी ग्राम स्वराज एवं मोहम्मद कमरू जमा ऊपर बाजार गोविंदपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जेटीए आउटसोर्सिंग में चल रहा आंदोलन स्थगित

**कतरास।** गोविंदपुर क्षेत्र के न्यू आकाशकिनारी कोलियरी में संचालित जेटीए आउटसोर्सिंग में एचपीसी वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे झामुमो समर्थित कर्मियों का चक्का जाम आंदोलन तीन दिनों का समय लेने के बाद स्थगित हो गयाण कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह के पहल पर पीओ अवधेश कुमार सिंह एवं झामुमो समर्थक कर्मियों के साथ वार्ता हुई। वार्ता में तीन दिनों का समय लिया गयाण कर्मियों का कहना था कंपनी प्रबंधन दोहरी नीति अपनाए हुए हैण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शहजाद अंसारी ने बताया कि पूर्व 10 दिन पूर्व भी आंदोलन में समझौता वार्ता हुआ था जिसमें हाई पावर वेतनमान के तहत वेतन देनेए परिचय पत्र निर्गत करने सहित अन्य मांगों पर सहमति बनी थीण लेकिन प्रबंधन की वादाखिलाफी के कारण हमलोगों को चक्का जाम आंदोलन पर जाना पड़ाण वार्ता में पीओ अवधेश सिंह के अलावा कर्मियों की ओर से शहजाद अंसारी मिनाज अंसारी राजा अंसारीएअजय यादव शंभू मंडल जीतेंद्र कुमार सोना सिंह मिस्टर आलम अफताब आलमए अजय यादव अब्दुल अंसारी आदि शामिल थे।

### विधायक कल्पना सोरेन गिरिडीह पहुंचीं, झामुमो कार्यकर्ताओं का अभार जताया

# विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कस लें झामुमो कार्यकर्ता

**विधायक बनने के बाद पहली बार गिरिडीह पहुंचीं कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत**





खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद पहली बार गिरिडीह पहुंची गांडेय विधायक कल्पना सोरेन रविवार को क्षेत्र भ्रमण के बाद शहर के बस स्टेंड रोड सिथत पार्टी के जिला कार्यालय पहुंची। जहां पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कई नेताओं ने पुष्प गुच्छ देकर कल्पना मुर्मू सोरेन का अभिनंदन किया। मौके पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं यहां की जनता की शुक्र गुजार हूं जिन्होने मुझे अपना योगदान देकर विधायक बनाया। साथ ही पार्टी के कार्यकताओं की भी शुक्रगुजार हूं जो मुझे इस लायक समझा। इस दौरान कल्पना मुर्मू सोरेन ने पूर्व विधायक सरफराज अहमद को धन्यवाद करते हुए कहा कि मैं आज आप सब के बीच खड़ी हूं तो सिर्फ बड़े भईया सरफराज जी के कारण अगर वो यहां नहीं होते तो शायद मैं आप सबके बीच नही होती। उन्होंने कहा कि मैं गिरिडीह में पहली बार उस वक्त आई जब हेमंत सोरेन जेल में थे और गिरिडीह के झंडा मैदान में कार्यक्रम में हुआ था। उस वक्त मै रोई थी और इस दौरान मुझे झारखंड मुक्ति मोर्चा के परिवार ने ही संभाला था और हमेशा आप लोगों ने हेमंत जी का भी साथ दिया। कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के लोग कमर कस लें क्योंकि लड़ाई अभी बाकी है। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज सांसदए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह शहनवाज अंसारी सईद अख्तर रॉकी सिंह सहित कई मौजूद थे।

## फर्जी बैंक खाता बनाने में माहिर तीन अपराधी गिरफ्तार

**प्रतिबिंब पोर्टल से पुलिस को मिली सफलता**



- एप का इस्तेमाल कर 25 लाख का लगाया चूना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रतिबिंब पोर्टल के सहयोग से एक बार फिर गिरिडीह पुलिस को सरिया और गांडेय से तीन साइबर अपराधियों को दबोचने में सफलता मिली है। साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में देवघर के मधुपुर थाना इलाके के दारबे गांव निवासी जमीर अंसारीए देवघर के मार्गोमुंडा थाना इलाके के डुमरिया गांव निवासी बॉबी गुप्ता और गांडेय के रक्सकुटो गांव के रहने वाले उदय मंडल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनो अपराधियो के पास से 2 बाइक के साथ 5 मोबाइल और छह सीम कार्ड जब्त किया है। बताया जाता है कि तीनो बेहद ही शातिर साइबर अपराधी है। जानकारी के अनुसार तीनो अपराधी एसबीआई का योनो लिंक भेज कर बैंक खाते से उनका अकाउंट खाली कर देते थे। जबकि पैसे की ठगी करने के लिए ही एयरटेल पेमेंट एप का इस्तेमाल करते थे और खुद को बैंक अधिकारी बनकर भी लोगों के पैसे ठगते थे। इतना ही तीनो फर्जी सिम उपलब्ध कराने के साथ फर्जी बैंक खाता बनाने में माहिर थे। फर्जी बैंक खाता तैयार करना भी इनके पैसे की ठगी में शामिल था। तीनो ने अब तक 25 लाख से अधिक की संपत्ति अर्जित कर रखा था।

## पेंडिंग मामलों का स्पीडी ट्रायल करें : एसपी

- क्राइम मीटिंग में पुलिस अधिकारियों का सम्मान





खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस लाइन में रविवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग हुई। जिसमें कई महत्पूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान डीएसपी स्तर के साथ कई और अधिकारियों को डीआईजी से मिले प्रशस्ति पत्र देकर एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सम्मानित किया गया। इस दौरान डीएसपी अंकिता रायए एसडीपीओ बिनोद रवानीए एसडीपीओ धनंजय रामए सुमित प्रसादए डीएसपी कोसर अली और नीरज सिंहए मेजर राकेश रंजन सहित कई पुलिस अधिकारियों को भी सम्मानित किया। साथ ही शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने से लेकर अर्धसैनिक बलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में खास भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों को भी एसपी ने सम्मानित किया। जबकि साइबर डीएसपी आबिद खान को साइबर अपराध को लेकर सक्रियता बनाने को लेकर सम्मानित किया गया।

### अधिकारियों को दिये गये टास्क

क्राइम बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को हर बैठक में खास टास्क दिए जाते है और इस बार भी नए टास्क दिए गए है। जिसमें जिले के सांप्रदायिक मामलों से जुड़े पेंडिंग मामले की स्पीडी ट्रायल और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि दहेज हत्या और घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों के साथ डकैती और लूट की घटना से जुड़े मामलों का तेजी से निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान जिले के पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी स्कूल से सौ मीटर की दूरी पर पान गुमटी में तांबकू की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर सनकी युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा

**धनबाद।** रविवार को धनबाद रेलवे स्टेशन पर एक सनकी युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। सबकुछ जानने के बाद भी आरपीएफ व जीआरपी के जवान मौन रहे। इन्होंने सनकी युवक को रोकने की कोई पहल नहीं की। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सनकी युवक आत्महत्या करने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात पर पहुंचा था। उसकी हरकत देख कुछ यात्री उसे बचाने के लिए आगे आए। लेकिन युवक उनके साथ ही मारपीट और गाली गलौज करने लगा। देखते ही देखते प्लेटफार्म पर लोगों की भीड़ जुट गई। सभी लोग युवक को समझाने की कोशिश कर रहे थेए लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था।

## दो लुटेरों को पुलिस ने दबोचा, सामान बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल के अंगार पथरा वर्कशॉप में लाखों के लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया हैण पुलिस ने लूट के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया हैण गिरफ्तार अपराधियों में कासिम अंसारी और अमजद अंसारी शामिल हैण वर्कशॉप से लूटी गई लाखों की कीमती सामग्री भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किया हैण गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मालूम हो की 19 जून को अंगारपथरा ओपी क्षेत्र में संचालित वर्कशॉप में लूट की घटना हुई थीण इस संबंध में एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तार से जानकारी दीण एसडीपीओ ने बताया कि 19 जून की रात्रि आंगारपथरा ओपी क्षेत्र में संचालित बीसीसीएल एरिया चार के अंगारपथरा वर्कशॉप में लूट की घटना को अंजाम दिया गया थाण हथियारबंद अपराधियों ने वर्कशॉप में घुसकर कोल कर्मियों के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया था और लाखों का सामान लूट लिया थाण जोगता थाना क्षेत्र से हुई आरोपियों की गिरफ्तारीशिकायत मिलने के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर कांड के उद्भेदन के लिए एक विशेष टीम गठित कीण गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जोगता थाना क्षेत्र में छापेमारी की और दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लियाण दोनों आरोपियों की निशानदेही पर लूट की सामाग्री बरामद कर ली गई हैण्गिरफ्तार अपराधियों के नाम कासिम अंसारी और अमजद अंसारी हैंण दोनों जोगता थाना क्षेत्र दूधिया पट्टी के रहने वाले हैंण लूट की घटना में इन दोनों अपराधियों के साथ अन्य पांच से छह लोग शामिल थे।

## मादक पदार्थों के खिलाफ नगर निगम ने निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** एक ओर जहां मादक पदार्थों से होने वाली हानि को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा वहीं दूसरी ओर ऐसे पदार्थों की बाजार में खुलेआम बिक्री हो रही है।। शराबए तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लेकिन इनकी बिक्री भी नियमित रूप से होनी चाहिए। सरकारी तंत्र की इस दोहरी नीति ने आम आदमी को कहीं का नही छोड़ा है। कई लोगए परिवारए बच्चे और खराब स्वास्थ्य के कारण इसे छोड़ने की कसमे तो खाते हैए लेकिन खुले में हो रही बिक्री उन्हें दुबारा इसी नर्क में वापस ले जाती है। सरकार ने इसी दोहरी नीति के तहत एक बार फिर मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान की शुरूआत की है। इसी कड़ी में रविवार को नगर निगम ने जागरूकता रैली निकाली। रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू हो कर बेकारबांध तक गई। बेकारबांध पहुचने पर वहां नगर निगम द्वारा पौधरोपण भी किया गया। रैली का नेतृत्व कर रही सहायक नगर आयुक्त संतोषनी मुर्मू एवं सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए समाज से अपील की। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ से दूर रहकर अपने जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। नशा से जीवन बर्बाद हो जाता है। समाज पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। अपराधिक घटनाओं के साथ. साथ क्षेत्र में अशांति का माहौल कायम होता है। अधिकारियों ने प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहने की अपील की।

## महिला समिति ने राजस्थान से आए विवाह करने वालों को किया पुलिस के हवाले

**धनबाद।** रविवार को बैंक मोड़ थाने में एक मामला हैरान करने वाला आया। मामला था राजस्थान के चितौड़गढ़ के रहने वाले धनबाद के बरमसिया में विवाह को लेकर आए हुए है। दो दिन से पुराना बाजार गेस्ट हाउस में रुके हुए थे। इसी दौरान महिला समिति के लोगो को इन पर शक हुआ, जिसके बाद महिलाओं ने राजस्थान से आए लोगो को पकड़कर बैंक मोड़ थाने को सुपुर्द कर दिया। इस मामले को लेकर बैंक मोड़ थाना प्रभारी ने कहा कि पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा की इनके खिलाफ कोई कंप्लेन भी नही हुआ है।

## एग्यारकुंड में स्वास्थ्य जांच शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संघ और समर्पण एक नेक पहल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को एगयारकुंड प्रखंड के डूमरकुंडा दक्षिण पंचायत भवन में स्थानीय ग्रामीणों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए वृक्षारोपण का भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीसीसीएल सीवी एरिया के महा प्रबंधक सुधाकर प्रसादए मनजीत सिंहए मधु सिंहए मनोज कुमार मंडलए पप्पू गुप्ताए सहित अन्य विशिष्ट अतिथियो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रारंभ में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी जांच करवाई। वही पूरे पंचायत का भ्रमण कर संस्था की ओर से सैकड़ों पेड़ लगाए गए । डुमुरकुंडा दक्षिण पंचायत की मुखिया संगीता पासवान ने कहा कि संस्था की पहल काफी सराहनीय है । आम लोग शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठा रहे है। उन्होंने कहा की संस्था की ओर से पर्यावरण को बचाए रखने को लेकर वृक्षारोपण का कार्य काफी सराहनीय है ।

# सफाईकर्मियों के लिए जारी नीतियों का करें अनुपालन

**राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष डीवीसी मुख्यालय पहुंचे**





खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन शनिवार को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता पहुंचे। जहां वे डीवीसी प्रबंधनए डीवीसी में कार्यरत सफाईकर्मियों के प्रतिनिधि एवं ओबीसीए एससीए एसटी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सफाईकर्मियों की वर्तमान स्थितियों का जानकारी ली। मौके पर श्री वेंकटेशन ने सफाईकर्मियों का नियमित मासिक वेतनए ईएसआईए ईपीएफए सामाजिक सुरक्षा आदि में भारत सरकार द्वारा जारी नीतियों के अनुपालन की निगरानी एवं समीक्षा सहित कई समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को स्पष्ट रूप से कहा कि सफाईकर्मियों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी नीतियों को अक्षरशः अनुपालन करना होगा। इसमें लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में ओबीसी इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव केपी सिंह ने नियमित मासिक वेतन नहीं मिलने की शिकायत की। जिसे आयोग के अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया और डीवीसी प्रबंधन को इसे तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। एसोसिएशन के केपी सिंह ने डीवीसी में झारखंड के सफाईकर्मियों को नियमित नहीं करने का मामला उठायाए कहा कि पश्चिम बंगाल और एकीकृत बिहार के सफाईकर्मियों को बहाली का अधिसूचना जारी कर दो साल के अंदर डीवीसी में नियमित कर दिया गया थाए लेकिन झारखंड बनने के बाद झारखंड के सफाईकर्मियों को नियमित नहीं किया गया है। जबकि भारत सरकार के नियमानुसार वरीयता सूची बनाकर नियमित किया जाना था। केपी सिंह ने उदाहरण देते हुए बताया कि चंद्रपुरा के मिथलेश डोम को कोर्ट के आदेश के बाद भी नियमित नहीं किया गया। इस मामले को श्री वेंकटेशन ने काफी गंभीरता से संज्ञान लेते हुए डीवीसी प्रबंधन से निर्देश दिया कि इस मामले पर डीवीसी लिखित रूप से अपना जबाब आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने ओबीसीए एससीए एसटीए सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसी भी हालात में सामाजिक न्याय के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक से पूर्व डीवीसी के चैयरमैन एस सुरेश कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों ने आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बैठक में डीवीसी के चैयरमैन एस सुरेश कुमारए सचिव जॉन मथाईए सभी विभागों के अधिकारी और ओबीसी इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशनए ईडीसीएलए सफाईकर्मियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## जिला कांग्रेस कमिटी ने पीएम तथा शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर नीट परीक्षा में हुई पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कमेटी ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में न्याय पूर्ण कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पूरे देश में नीट परीक्षा को लेकर छात्र कई वर्षों से तैयारी करते हैं और ऐसे में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से परीक्षा टाल दी जाती है और पेपर लिक कराई जाती है जिसे छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है।

# लोयाबाद के क्षेत्रीय अस्पताल का हाल बेहाल

## कचरा में तब्दील : एक सफाई कर्मी व एक नर्स के भरोसे हैं पूरा अस्पताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोयाबाद।** लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल कचरा में तब्दील होता जा रहा है। गंदगी से मरीज के अलावे अस्पताल कर्मी भी परेशान है। मात्र एक सफाई कर्मी व एक नर्स के भरोसे पूरा अस्पताल चल रहा है। लैब टेक्नीशियन को खुद से डिस्पोजेबल सहित अन्य सामग्री उठाना पड़ रहा है। अस्पताल के हर कोने और फर्श पर आपको गंदगी व डस्ट की मोटी परत जमा हुआ मिल जायेगा। अस्पताल के भीतर कबूतरों ने अपना बसेरा बना लिया है। अस्पताल प्रबंधन सफाई कर्मी का रोना रो रहे हैं।छह सफाई कर्मियों में मात्र एक रह गया है।इसमे से अधिकांश रिटायर्ड हो चुका है।एक सफाई कर्मी की मौत हो चुकी है।

**एक एक कर कम होता गया सफाई कर्मी**

27 अक्टूबर 2022 को बिंदु हाड़ी की मौत हो गई,31 मई 2023 सुखदेव हाड़ी व बुधन हाड़ी रिटायर्ड हुआ,31 दिसम्बर 2023 को लुधेश्वर हाड़ी सेवानिवृत हुआ,अब 31 मई 2024 को अवधेश हाड़ी की रिटायरमेंट हो गया।उसके बाद एकमात्र बिनोद हाड़ी सफाई कर्मी रह गया है, अस्पताल प्रबंधन एक सप्ताह प्रथम पाली तो दूसरे सप्ताह में द्वितीय पाली में काम लेते है। अस्पताल कर्मियों ने पूरा सप्ताह कभी प्रथम पाली में या फिर द्वितीय पाली में सफाई हो नही पाता है।

### एक नर्स के भरोसे पूरा अस्पताल

मंजू शर्मा एक अकेली नर्स कहिये या फिर मेट्रोन 2022 से अकेली नर्स के रूप में पूरा अस्पताल सम्भाल रही है।द्वितीय पाली में अगर कोई मरीज आ गया तो ड्रेसर को ही बीपी या फिर सुई लगाने का काम करना पड़ता है।

**रोजाना 50 मरीजो की ईलाज होती है**

अस्पताल में रोजाना करीब 50 मरीजो का इलाज ओपीडी में होता है। यहां कुल मेन पावर 48 है। जो तीनों शिफ्ट में कार्य संभालते है। मरीजो और अन्य को मिलाकर अस्पताल में करीब सौ लोगो का आना जाना होता है। डिप्टी सीएमओ डा अनुज कुमार ने कहा की वर्तमान मे एक सफाई कर्मी बिनोद हाड़ी है, एक हफ्ता नाईट और एक हफ्ता डे मे काम करता है। कर्मियों के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। 15 से 20 दिन मे आउटसोर्स पर कर्मी आ जायेंगे।

## एक नजर में

### तोपचांची में अधिकतर जल मीनार सिर्फ शोभा की वस्तु उप प्रमुख ने दो टोला का किया निरीक्षण



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के रामाकुण्डा पंचायत के दामोदरपूर व तूरसाबाद टोला में जलमीनार का निरीक्षण उप प्रमुख हेमलाल महतो ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अधिकतर जल मीनार सिर्फ शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। तूरसाबाद टोला में सिर्फ जलमीनार के लिए सिर्फ फाउंडेशन बना कर छोड़ दिया गया। विभाग के और जलमीनार निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है। जांच रिपोर्ट विभाग के उच्च अधिकारी को सौंपा जाएगा।

### हॉबी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**कतरास।** माहुरी वैश्य महिला समिति के तत्वावधान में माहुरी समाज भवन कतरास में छह दिवसीय हॉबी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को संपन्न हो गया। शिविर में 70 प्रशिक्षित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वार्ड नंबर तीन के निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, माहुरी समाज के सचिव नीरज गुप्ता, शालिनी सेठ संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, उमेश चरणपहाड़ी केंद्रीय उपाध्यक्ष रजनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, माहुरी महिला समिति सचिव शिखा गुप्ता, उपाध्यक्ष कविता गुप्ता थी।

### रामपुर पथ का पुलिया निर्माण में अनिमियता

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड क्षेत्र के पगला मोड़ से रामपुर पथ के पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनिमियता देखी जा रही है। ग्रामीणों ने इस पर आक्रोश जताया जिस प्रकार कार्य हो रहा है। वह संतोष जनक नही है। जिसका विरोध सैकड़ो ग्रामीणों ने किया।पुलिया निर्माण लगभग पूर्ण होने ही जा रहा है । रविवार को कार्य स्थल पर मौजूद जेई एजाज अहमद ने कार्य पर हो रहे अनियमितता पर नाराजगी व्यक्त की है।कार्यस्थल पर लोगो के भीड़ देखकर झामुमो नेता अजीत मिश्रा पहुंचे। तथा कार्य में हो रहे अनिमियत्ता को देखा ग्रामीणों ने उन्हे दिखाया। श्री मिश्रा ने कार्य पर हो रही अनियमित पर नाराजगी व्यक्त की। जेई एजाज अहमद को एस्टीमेट के अनुसार कार्य के बारे में पूछा तो असंतुष्ट बताया।

### जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने का निर्णय



**मैथन।** निरसा के गोपालगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर में श्री श्री 108 जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरुप चटर्जी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं वाहन सुभद्रा की रथ यात्रा निकल जाएगी। डेढ़ सौ महिला एवं ढाई सौ पुरुष वालंटियर लगाए जाएंगे। मौसी बड़ी में प्रतिदिन संध्या भजन कीर्तन एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सात दिनों बाद मौसी बाड़ी से उल्टा रथ यात्रा धूमधाम के साथ निकाला जाएगा। बैठक में ट्रस्ट के सचिव मनजीत सिंह, वैज्ञानिक एसएन सिंह, मधुसूदन गोराई, नदिया नंदन दास, प्रबोध चंद्रा, गयाराम पाल, रामू कुंभकार, सुभाष मंडल, बबलू दास, अनिल सिंह, मनोज सिंह, कुंज मिश्रा, रोविन धीवर इत्यादि मौजूद थे।

### राज्य के 40 प्रतिशत बंगालियो की हो रही अनदेखी, नही शुरू हुई बांग्ला की पढ़ाई



**धनबाद।** एलसी रोड स्थित बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के अध्यक्ष सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। सम्राट ने कहा कि राज्य में 40 प्रतिशत के अधिक बंगाली निवास करते है। लेकिन राज्य गठन के बाद से बांग्ला समुदाय की अनदेखी की जा रही है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई अनिवार्य है, इसके बाद भी विद्यालय में बांग्ला भाषा की पढ़ाई नहीं करायी जा रही है। इसीके खिलाफ पिछले दिनों निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में हमलोग उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिले थे, जिस पर उन्होंने बांग्ला पढ़ाई हर हाल में कराने का आश्वासन दिया था। आगामी 21 जुलाई को पूर्व सांसद स्वर्गीय एके राय की पुण्यतिथि एवं 11 अगस्त को एवं शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर समिति के जिला सचिव राणा भट्टाचार्य,कल्याण,कल्याण घोषाल,बादल सरकार, टनी बनर्जी, सुशोभन चक्रवर्ती, कल्याण राय,पार्थो सेनगुप्ता उपस्थित थे।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी ठोकर, हालत गंभीर

**धनबाद।** जीटी रोड पर दुर्घटनाएं रूकने का नाम नही ले रही है। पिछले एक माह में अलग अलग घटनाओं में 10 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। ताजा मामला बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के अजबडीह मोड़ की है। बाईक से घर जा रहे आसनबनी निवासी, मार्बल मिस्त्री को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने जख्मी को गोविंदपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वहीं स्थानीय लोगों ने मुआवाजे तथा तेज रफ्तार व रॉग साईड से ड्राईविंग करने पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस के समझाने के बाद लोग शांत हुए। इस संबंध में बरवाअड्डा पुलिस ने बताया कि ट्रक रॉग साइड से आ रहा था, जिसके कारण यह घटना हुई है। घटना के बाद ट्रक छोड़कर ड्राईवर भाग गया। हमलोगों ने ट्रक को जप्त कर लिया है। चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार बाईक सवार का हाथ पैर टूट गया है, उसके सर में बजी चोट है। इलाज चल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### नशे की रोकथाम के लिए गाड़ी से लोगों को किया जागरूक

**धनबाद ।** नशीले पदार्थ के रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन ने रविवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अड्डियान चलाया। प्रचार गाड़ी के माध्यम से लोगों को नशे की लत से आने वाली परेशानियों तथा इसके दूष परिणाम की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि नशे की लत के कारण सामाजिक-आर्थिक एवं व्यक्ति के जीवन पर नकारात्मक प्रड्डाव पड़ता है। इसका जितनी जल्दी हो त्याग करना चाहिए। ज्ञात कि नशीले पदार्थ की रोकथाम के लिए व्यापक जागरूकता लाने के उदेश्य से 19 जून को समाहरणालय से प्रचार गाड़ी को रवाना किया गया था। यह वाहन हर दिन भीड़ भाड़ वाले इलाके में तथा ग्रामीण मुहल्लो में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है।

### ओलंपिक डे सप्तहव्यापी खेल प्रारंभ



**धनबाद।** 23 से 29 जून तक वैश्विक स्तर पर ओलंपिक डे के कार्यक्रम के तहत आज धनबाद में भी सप्तह व्यापी खेल प्रारंभ हो गया। इसके तहत धनबाद जिला ओलंपिक संघ द्वारा स्थानीय वॉलीबाल कोचिंग सेंटर, हीरापुर में एक दिवसीय वॉलीबाल प्रदर्शनी मैच का आयोजन सूरज प्रकाश लाल के नेतृत्व में हुआ। पुरुषों की स्पर्धा में सीनियर एकादश बनाम यूथ एकादश के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया । परस्त कर विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया। एस. एम. हाशमी, रेजा इस्त्याक, रंजीत केशरी, तारक नाथ दास थे।

### सौर उर्जा से जगमगाएँगे धनबाद डिवीजन के 91 स्टेशन



**धनबाद।** रेल मंडल धनबाद में प्रचलित उर्जा को कम करने और सौर उर्जा को बढ़ावा का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अभी तक धनबाद मंडल में 91 स्टेशन एवं 39 अन्य भवनों पर कुल 3760 केडब्लूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का काम चल रहा है। इसके अलावा पूर्व मध्य रेलवे के पांच रेल मंडलों के कुल 260 स्टेशनों, 120 अन्य भवनों तथा 116 समपार फाटकों पर कुल 9432 केडब्लूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य जारी है। आने वाले दिनों में रेलवे की कार्बन उत्सर्जित उर्जा पर निर्भरता काफी कम हो जायेगी। इससे रेलवे के खर्च में भी काफी कमी आयेगी।

# सेवा ही रोटरी क्लब का मुख्य ध्येय-मुरुगा नंदम

## पनशाला का किया शुभारंभ: रियायती दर पर डायलिसिस की सुविधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर ।** रोटरी क्लब के अंतरराष्ट्रीय निदेशक मुरूगानंदम ने रविवार को कहा कि सेवा कार्य ही रोटरी का मुख्य उद्देश्य है। इसी क्रम में धनबाद रोटरी क्लब ने गोविंदपुर में हरदेवराम मिताथालिया ट्रस्ट रोटरी भवन स्थापित किया है। यहां रियायती दर पर डायलिसिस समेत सेवा के कई प्रकल्प शुरू किए जाएंगे। श्री मुरूगानंदन, अंतर्राष्ट्रीय निदेशक तथा सेल कोलियरी डिवीजन के कार्यकारी निदेशक अनूप कुमार, उद्योगपति एवं समाजसेवी शंभूनाथ अग्रवाल एवं शिवकुमार खेमका तथा नागरिक समिति के सदस्य एवं पत्रकार जयप्रकाश मिश्रा ने छठ तालाब गोविंदपुर के समीप रोटरी के डायलिसिस सेंटर, वरीय नागरिकों के लिए पुस्तकालय व सृजन केंद्र, सहेली सिलाई कढ़ाई सेंटर, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, पनशाला आदि सेवा प्रकल्पों का विधिवत उद्घाटन किया। श्री मुरूगानंदनम ने कहा कि यहां रियायती दर पर मरीजों का डायलिसिस होगा। वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में बालिकाओं को सिलाई-कढाई एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा ट्रस्ट ऑटोमोबाइल्स के साथ मिलकर रोटरी क्लब प्रथम चरण में पिंक ड्राइवर के तहत 20 बालिकाओं को गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण देगी और उन्हें नियोजन भी दिया जाएगा । मौके पर संजय उद्योग प्राइवेट लिमिटेड की ओर से स्थाई पनशाला का भी उद्घाटन किया गया । रोटरी क्लब के अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि करीब 80 वर्ष पुराने धनबाद रोटरी क्लब ने लंबे अरसे पूर्व रोटरी भवन का सपना देखा था, जो समाजसेवी शंभूनाथ अग्रवाल के सहयोग से साकार हुआ है। इस भवन से रोटरी क्लब के सेवा कार्यों को अब और विस्तार मिलेगा। सचिव संजीव बियोत्रा ने रोटरी क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और कहा कि अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल एवं उनके परिवार के सहयोग से करीब 15000 वर्ग फीट का रोटरी भवन बना है। गोविंदपुर की सामाजिक संस्था नागरिक समिति के सहयोग से पुस्तकालय समेत सृजन केंद्र की स्थापना की गई है । इसका लाभ वरीय नागरिक उठाएंगे। इसका संचालन नागरिक समिति ही करेगी। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में स्थानीय 20 बालिकाओं और महिलाओं को मोटर ड्राइविंग की ट्रेनिंग निशुल्क दी जाएगी और ट्रेनिंग पूरा होने के बाद उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा।

### कोल माइंस मजदूर यूनियन की हुई बैठक

**कतरास।** अंगारपथरा स्थित आवासीय कार्यालय में कोल माइंस मजदूर यूनियन की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता यूनियन के महासचिव झूलन शर्मा ने किया । संचालन कार्यकारी अध्यक्ष उमेश ऋषि ने किया। बैठक का मुख्य मुद्दा यूनियन की सदस्यता अभियान, भावी सम्मेलन सहित कमेटी का विस्तार किए जाने के अलावा कोयला निकासी के क्रम मे निर्मित बड़े-बड़े जानलेवा खंडहर ओपन कास्ट से उत्पन्न पर्यावरण की खराब स्थिति एवं बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने हेतु प्रशासन को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। प्रदूषित जमीन को समतल करने एवं उसपर वृक्षारोपण की मांग की गई। बैठक में मुख्य रूप से उमेश यादव, प्रदीप राय, राहुल कुमार मंडल, कृष्ण कुमार भुईयां, उमेश भुईयां, तपोती चटर्जी, मुर्मू, जगन्नाथ महतो उपस्थित थे।

### इनमोसा के सम्मेलन में माइनिंग के दौरान जीरो टोलरेंस दुर्घटना पर चर्चा



**मैथन।** इंडियन नेशनल मेन ऑफिशल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन के ईसीएल मुगमा एरिया की बैठक चिरकुंडा स्थित नेहरू रोड के एक सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव पीएन मिश्रा, अध्यक्ष विजय सिंह, खलील खान, समीर चक्रवर्ती, डीके पांडे सुकेन राय चौधरी व सुशील कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके पहले जीएम स्व जेके बनर्जी को श्रद्धांजलि दिया गया। बैठक में पीएन मिश्रा ने कहा कि इनमोसा की तरफ से हर माह में मासिक बैठक होती है। कार्य के दौरान कोलियरी में सेफ्टी व सुरक्षा किस प्रकार रहे, इसपर विस्तार से चर्चा किया गया। खासकर आये दिन जो एक्सीडेंट व दुर्घटनाएं हो रही है। मौके पर एमएन चौबे, मिहिर गोप, बामा पोदो मोदक, एचपी राय, मनोज दे दर्जनों इनमोसा से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

### बलिदान दिवस के रूप में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



**सिंदरी ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 71 वीं बलिदान दिवस पर रविवार को सिंदरी स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। जिला संयोजक सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने कहा कि उनका व्यक्तित्व अतुलनीय है। डॉ मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, अरविंद पाठक, कामेश्वर सिंह, मणिभूषण सिंह, सुरेश सिंह, बिरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, ओमप्रकाश सिंह, गुरुचरण सिंह, रणधीर सिंह आदि प्रमुख थे।

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत पालोबेड़ा गांव में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी तस्वीर पर प्रखंड के भाजपा नेता वह कार्यकताओं ने पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष महादेव कुमार,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव, भाजपा नेता शंकर चंद्र दा ,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास, अजीत कुमार, वीरेंद्र भंडारी, सत्यदेव हेंम्ब्रम आदि शामिल हुए।

**गिरिडीह ।** भाजपा के द्वारा रविवार को संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। फलदार व छायादार पौधे लगाने के साथ ही उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

# शहर के मंदिर चोरों के निशाने पे

**हाउसिंग कॉलोनी के सूर्य मंदिर में चोरों ने किया हाथ साफ**



**धनबाद।** घरों से लाखों-लाख के सामान की तो चोरी हो ही रही है, अब मंदिरों को भी चोरों ने टारगेट में लिया है। भगवान की सुरक्षा में चूक ! हां धनबाद में इन दिनों मंदिरो का ताला तोड़कर चोर चोरी करने में सफल हो रहे है। जब चोरों से भगवान का घर ही सुरक्षित नहीं है, तो फिर आम आदमी की सुरक्षा का टी सवाल ही नहीं उठता है। हाउसिंग कॉलोनी स्थित सूर्य मंदिर में बीती रात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। रविवार की सुबह अभिषेक प्रताप सिंह जब मंदिर खोलने पहुंचे तो देखा की मंदिर का ताला टूटा हुआ है।शिवजी पर तांबा से सिंगार किया गया था, पीतल का डमरू और त्रिशूल, तांबे का पंचमुखी नाग, पीतल का कलश, दो दिया और हाथ की घंटी और मंदिर में बंधी दो घंटे चोरों ने चोरी कर ली। यह जानकारी अभिषेक प्रताप सिंह ने दी। वही इसकी शिकायत सदर थाने में की गई है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पूर्व अति व्यस्त रहने वाले रणधीर वर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर का ताला तोड़ चोर कीमती सामान ले भागे थे।

### रात्रि क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

**खेल से फिट रहता है शरीर-चंद्रशेखर अग्रवाल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** दामोदरपुर स्थित पंचायत भवन ग्राउंड में हाई स्कूल स्पोर्ट क्लब की ओर से रात्रि क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल एवं पूर्व पार्षद प्रियरंजन ने खेल का उद्घघाटन किया। पूर्व मेयर ने कहा खेल के माध्यम से शरीर को फीट रखने के साथ इस क्षेत्र में बड़ा मुकाम भी हासिल किया जा सकता है। युवाओं को खेल प्रति रूझान बढ़ना चाहिए। साथ ही इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए, इससे खेल में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। खिलाड़ियों को अपने में सुधार करने का अवसर भी मिलता है। मौके पर चंद्रशेखर मुन्ना, विवेक राज, रवि सिंह आदि उपस्थित थे।

# धनबाद में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू

## टिकट को लेकर गोटी फिट कराने में लगे नेतागण,धमाचौकड़ी शुरू

**प्रेम कुमार**

**कतरास।** लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव की कवायद तेज हो गई हैं। विधानसभा चुनाव में राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक दलों से जुड़े नेता चुनाव में परचम लहराने के लिए अभी से ही प्लेटफॉर्म तैयार करने में लग गए हैं। धनबाद जिले में छह विधानसभा क्षेत्र है। जिसमें धनबाद, झरिया, निरसा, टुंडी, सिंदरी एवं बाघमारा उल्लेखनीय है। बताते हैं कि विधानसभा चुनाव को लेकर पिछले दिनों हुई लोकसभा चुनाव में संभावित दावेदारों की महंती भूमिका पर टिकट बाँटने वालों गहरी नजर है। बात करें धनबाद विधानसभा की तो यहाँ भाजपा व कांग्रेस के दावेदारों की लंबी लिस्ट है। भाजपा के दावेदारों में सीटिंग एम एल ए राज सिन्हा के अतिरिक्त सत्येंद्र कुमार, अमरेश सिंह, मुकेश पांडेय, चंद्रशेखर अग्रवाल के साथ पीएन सिंह के पुत्र प्रशांत सिंह का भी नाम चर्चे में है। इसी प्रकार कांग्रेस में टिकट के दावेदारों में मुख्य रूप से अशोक सिंह, अभिजीत राज, रविन्द्र वर्मा, सुल्तान अहमद, रशीद रजा, नवनीत नीरज, वैभव सिन्हा, अजय दुबे का नाम चर्चे में है। बताते चले की धनबाद लोकसभा सीट से दूसरे स्थान पर रही तथा अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने धनबाद में ही रहकर लोगो की सेवा करने की ठानी है। धनबाद में कांग्रेस के टिकट को लेकर काफी दाँव पैच की संभावना है. झरिया विधानसभा में अभी कांग्रेस की पूर्णिमा सिंह यहाँ की विधायक है। चूंकि पूर्णिमा सिंह सिटिंग एम एल ए है फिर भी टिकट को लेकर पार्टी आलाकमान का निर्णय महत्वपूर्ण है। झरिया से जनता मजदूर संघ सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह फिर से मैदान में आ सकती है। हालांकि यहाँ भी भाजपा से टिकट को लेकर कई दावेदार है. बात करे सिंदरी विधानसभा की तो यहाँ भारतीय जनता पार्टी एवं मार्क्सवादी समन्वय समिति तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच हमेशा से जीत को लेकर टक्कर रहती है. सिंदरी से टिकट के दावेदारों में भाजपा के सिटिंग विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी के अतिरिक्त धर्मजीत सिंह एवं नंदलाल अग्रवाल के नाम की चर्चा है। वहीं जेएमएम से धरणीधर मंडल, एजाज मल्लिक एवं मन्नू आलम का नाम टिकट के दावेदारों में शुमार है। खतियानी संघर्ष मोर्चा के नेता जयराम महतो की जेबीकेएसएस भी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। बात करे निरसा विधानसभा सीट की तो यहाँ सीटिंग विधायक भाजपा की अपर्णा सेनगुप्ता दुबारा उम्मीदवार बन सकती है. हालांकि यहाँ टिकट के दावेदारों में भाजपा नेता मन्नू तिवारी, गणेश मिश्रा के नाम की भी चर्चा है।

स्पीड न्यूज

## घायल अवस्था में मिला युवक, मामला दर्ज

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के लुबधिया गांव में एक युवक दिनेश यादव घायल अवस्था में पाया गया। उसे इलाज के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर भेजा गया। अस्पताल खुला था, लेकिन आधे घंटे तक कोई कर्मी मौजूद नहीं था। बाद में युवक को बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवक के बयान पर लुब्धिया गांव के तीन लोगों और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## हाई वोल्टेज तार के चपेट में आने से 4 मवेशी की मौत

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के पिरी गांव में हाई वोल्टेज तार के चपेट में आने से चेतलाल भुइंया के एक और हुसैनी भुइंया के तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। मवेशी प्रतिदिन की तरह चराने के लिए लाए गए थे, तभी अचानक बिजली की तार टूटकर मवेशियों पर गिर गई, जिससे उन्हें करंट लग गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वे किसान हैं और अचानक इतनी बड़ी घटना हो जाने से उनके लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है क्योंकि वे खेती-बारी पर निर्भर हैं। उन्होंने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है।

## दिल्ली पैथो सेंटर की लापरवाही से मरीज की जान जोखिम में

**चतरा।** शहर के दिल्ली पैथो सेंटर में एक मरीज की ब्लड जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी हो गई, जिसके कारण उसे गलत ब्लड ग्रुप का ब्लड चढ़ाने के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेड क्रॉस के लैब टेक्नीशियन ने जब उस मरीज के ब्लड से डोनेट किए गए बी पॉजिटिव ब्लड से क्रॉसमैच कराया तो वह मैच नहीं हुआ। इसके बाद जब एक-एक करके अन्य ग्रुप से उसका ब्लड मैच कराया गया तो मरीज का ग्रुप ए पॉजिटिव निकला। तब जाकर ए पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड देकर परिजन को सदर अस्पताल भेजा गया।

## बरवाडीह और धमधमा गांव में वज्रपात से दो युवकों की मृत्यु

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के बरवाडीह और धमधमा गांव में वज्रपात से दो युवकों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान फहीम खान और नुमान अंसारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चतरा सांसद पुत्र नीतिश कुमार, सांसद के सहयोगी विनय सिंह, भाजपा नेता उमेश भारती और मोकतमा मुखिया प्रतिनिधि कामेश्वर भारती सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

## तुरी समाज की बैठक में समाज को सशक्त बनाने पर चर्चा

**सिमरिया (चतरा)।** रविवार को हुरनाली पंचायत भवन में तुरी समाज की बैठक में समाज को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता महेश तुरी ने की और संचालन सुनीता देवी ने किया। मुख्य अतिथि तुरी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेश्वर तुरी और हजारीबाग प्रभारी किशुन तुरी थे। बैठक में कहा गया कि समाज में नशापान और अशिक्षा बड़ी समस्याएँ हैं और इन्हें दूर किए बिना समाज का भला नहीं हो सकता।

## पंचायत सहायक संघ की बैठक संपन्न

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड परिसर स्थित पूर्वी पंचायत भवन में रविवार को खुर्शीद आलम की अध्यक्षता में पंचायत सहायक संघ की बैठक की गया। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह सहित सभी पंचायत से पंचायत सहायक की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए प्रखंड अध्यक्ष के रूप में खुर्शीद आलम सचिव अनिल कुमार यादव, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार राणा का चयन किया गया, साथ ही प्रत्येक पंचायत से पंचायत उत्प्रेरक के रूप में एक-एक सदस्य को चुना गया। सभी पंचायत सहायक को प्रखंड स्तर पर हर कार्यों में जोड़ने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से भेंट कर बात करने का निर्णय लिया।

### बिहार से शराब पीने आये युवकों ने दिया था घटना को अंजाम

# डबल मर्डर केस के सभी आरोपी गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** शराब पीने को लेकर विवाद में कोडरमा स्थित एक होटल में शनिवार की रात दो लोगों की हत्या मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। बताते चलें कि घटना कोडरमा के बाघीटांड में शनिवार को हुई थी, जहां शराब पीने बिहार से पांच युवक शांति मोटल पहुंचे थे। इस दौरान उनलोगों की होटल मालिक से किसी बात को लेकर बहस हो गई और फिर जमकर मारपीट हो गयी। वहीं सीसीटीवी फुटेज में युवकों के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आयी है। वहीं बताया जाता है कि मारपीट के बाद पैसे चुकाकर सभी युवक वहां से चले गए थे। बाद में सभी युवक वापस लौटे और गोलियां बरसाने लगे, जिसमें होटल मैनेजर 30 वर्षीय नसीम की पिता अब्दुल सत्तार और एक अन्य कर्मी 32 वर्षीय अंजर आलम उर्फ राजन पिता रियाजुद्दीन की गोली लगने से मौत हो गई।

वहीं रात में हुई घटना के बाद शव के साथ लोगों ने पटना- रांची रोड को जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप और घटना के आरोपी सभी लोगों के पकड़ लिए जाने की खबर के बाद रात के एक बजे सड़क जाम हटाया गया। घटना को लेकर जब पुलिस ने होटल में लगा सीसीटीवी खंगाला तो घटना के पीछे की वजह भी सामने आई। विवाद के दौरान होटल संचालक और होटल के अन्य कर्मियों ने मिलकर शराब पी रहे युवकों की जमकर धुनाई कर दी। मारपीट की घटना के दो घंटे के बाद एक बार फिर से पांचों युवक होटल पहुंचे और गोली चलाने लगे। गोलीबारी में दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना को अंजाम देने के बाद पांचों युवक पहले से खड़ी टाटा नेक्सन में सवार हुए और भाग निकले। परन्तु हड़बड़ी में भागने के दौरान कोडरमा घाटी में गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद युवकों ने कार को वहीं छोड़ दिया और जंगल के रास्ते भागने लगे। वहीं बताया जाता है कि युवकों ने भागने के लिए बिहार से दूसरी गाड़ी भी मंगवा ली थी, लेकिन पुलिस की दबिश और घाटी की घेराबंदी में पांचों युवक और एक नाबालिग बिहार झारखंड की सीमा पर ही पकड़ लिए गए।

**पांच गिरफ्तार, दो वाहन, एक पिस्टल व पांच मोबाइल जब्त :** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने रविवार की शाम नवलशाही थाना में प्रेस वार्ता में बताया कि घटना को लेकर 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। वहीं पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले युवकों की गाड़ी टाटा नेक्सन, बोलेरो, एक पिस्टल, 6 खोखा और 5 मोबाइल को भी जब्त किया है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों में 24 वर्षीय दिलखुश सिंह जमालपुर, पटना, 22 वर्षीय आयुष कुमार तेघरा बेगूसराय, 23 वर्षीय पिंटू कुमार, 24 वर्षीय सुांशु कुमार दोनों पथरा इंग्लिश नवादा, 23 वर्षीय गुलशन कुमार श्रीचक नवादा निवासी के शामिल हैं। वहीं एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी मुख्यालय पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के अलावा विभिन्न थानों से अरविंद कुमार, विकास पासवान, सौरभ कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, बमबम कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### डबल मर्डर केस में अपराधियों की 6 घण्टे में गिरफ्तारी पर पुलिस की सराहना

## मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा मिले, फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर हो सुनवाई : रामधन

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के बाघीटांड़ में शनिवार की रात हुई गोलीबारी मामले में दोनों मृतकों के परिजनों को समयसीमा के भीतर 20-20 लाख का मुआवजा देने की मांग राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने की है। साथ ही हत्या के आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिये सुनवाई कर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।



उन्होंने कहा कि कोडरमा में अपराध और अपराधियों के साथ कड़ाई से पुलिस प्रशासन पेश आए। उन्होंने कहा कि कोडरमा में शराब पीकर आपराधिक घटना को अंजाम देने वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस को नए रणनीति बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपराध हर परिस्थिति में अपराध का ही श्रेणी में आएगा।

अपराधियों की जगह जेल की सलाखें है। वहीं श्री रामधन ने कहा कि कोडरमा अमन चैन और गंगा यमुनी सभ्यता की धरती है। विधि व्यवस्था खराब करने वालों और गैरसंवैधानिक टीका टिप्पणी करने वालों पर कोडरमा पुलिस कड़ाई से पेश आए। उन्होंने कहा कि कोडरमा पुलिस ने डबल मर्डर मामले में सराहनीय कार्य किया है। घटना के 6 घंटे के भीतर अपराधियो को पकड़ने के लिए कोडरमा पुलिस बधाई के पात्र हैं। उन्होंने उम्मीद जताया है कि भविष्य में कोडरमा पुलिस विधि व्यवस्था में व्यापक सुधार लाएगी। ताकि कोडरमा में रहनेवाले लोग सुरक्षित व्यापार और निवास कर जीवनयापन कर सकें। बतादें की जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने रविवार को मृतक राजन और नसीम के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोशा दिया।

# केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री का हुआ नागरिक अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सांसद अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी जिला एवं झुमरीतिलैया नगर मंडल द्वारा स्थानीय झंडा चौक पर नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। नागरिक अभिनंदन समारोह में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नेता, व्यवसायियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि ने अन्नपूर्णा देवी को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह, माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सांसद अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा कि जनता ने झारखंड एवं बिहार में सबसे अधिक मतों से विजयी बनाया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय महिला विकास मंत्री बनाकर कोडरमा लोकसभा का नाम इतिहास के पन्नों में लिख दिया है, इसके लिए मोदी जी को कोटि-कोटि आभार एवं कोडरमा की जनता का बहुत बहुत धन्यवाद।



वहीं अनूप जोशी ने मंत्री से कहा कि कोडरमा के गझंडी रोड पर 5000 एकड़ जमीन और मरकच्चो के बरियारडीह के खेशमी जंगल में 12000 एकड़ जमीन सरकारी भूमि है। उस जमीन पर भारी उद्योग लगाकर इंडस्ट्रियल एरिया घोषित किया जाए, तो कोडरमा का सर्वांगिक विकास होगा और इतिहास के पन्नों में आपको सदैव याद रखा जाएगा। यहां की बेरोजगारी मिटेगी और कोडरमा जिला के लोगों के चेहरे पर चमक लौट आएगी। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा की जनता ने जो हमें प्यार दिया है उसके लिए सदा आपकी ऋणी रहूंगी, और जनता का आभार प्रकट किया।

आपका आशीर्वाद है की मोदी सरकार ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है केंद्र सरकार की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी और झारखंड की चुनौती, बेरोजगारी, कुपोषण, महिलाओं का उत्थान एवं कोडरमा क्षेत्र में बेरोजगारी दूर करने के लिए जो जमीन का जिक्र अभी जिलाध्यक्ष ने कहा है उस पर केंद्र सरकार से बात कर इंडस्ट्रियल हब बनाने एवं बड़ी इंडस्ट्रीज लगवाने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाए। उन्होंने अपने स्तर पर पचास हजार पौधा लगाने का संकल्प लिया एवं देवतुल्य जनता का आभार प्रकट किया। और आगामी विधानसभा के चुनाव झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनानी है।

वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि मोदी सरकार में अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास मंत्री बनने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कोडरमा की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कोडरमा को व्यवसायिक क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया। झारखंड में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और जो काम अधूरे पड़े हैं उसे निश्चित में पूरा किया जाएगा। नागरिक अभिनंदन में झुमरीतिलैया की जनता पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर नितेश चंद्रवंशी, रवि मोदी, रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉ. नरेश पंडित, सुरेश झांझरी, भदानी मोदी, नवीन पाण्डया, श्याम सुंदर सिंघानिया, सुरेश जैन समेत कई लोग मौजूद थे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**टंडवा।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल के कार्यकताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद महान चिंतक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के पक्षधर थे और उन्होंने संसद में अपने भाषण में धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने कहा था कि वह भारतीय संविधान प्राप्त कराएंगे या फिर इस देश की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर देंगे। 23 जून 1953 को रहस्यमय स्थिति में जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था 'नहीं चलेगा एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान'। अंतोदय उनका परम लक्ष्य था। उनके आकस्मिक मृत्यु पर उनकी माता जोगमाया देवी ने कहा था कि मेरे पुत्र की मृत्यु भारत माता के पुत्र के मृत्यु के रूप में हुई।

# खेल हमें नैतिकता और संयम की शिक्षा प्रदान करता हैः सत्यानंद भोक्ता

### 63वीं सुब्रतो कप अंतराष्ट्रीय जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची झारखंड के तत्वाधान में चतरा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 3 दिवसीय जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 - 25 का शुभारंभ राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कस्तूरबा आवासीय विद्यालय चतरा के बालिकाओं द्वारा बैंड सेट के मधुर धुन और स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने झंडोतोलन कर किया। तत्पश्चात विभिन्न प्रखंडों से आए हुए खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट कर सबका दिल मोह लिया। मुख्य नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार मिश्र ने किया। इसके साथ ही पौधा, मेंमोंटो एवं शॉल देकर अतिथियों का विधिवत रूप से स्वागत किया गया। माननीय मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बॉल कीक तथा आकाश में गुब्बारा एवं कबूतर उड़ा कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान मैदान के चारों ओर आतिशबाजी से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। उद्घाटन बेला में मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार खेल के विकास के प्रति कृत्संकल्पित है। कहा कि राज्य आज खेल के मामले में काफी आगे हैं। झारखंड ने कई मेडल लेकर राज्य का नाम रौशन किया है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ साथ मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल हमें नैतिकता और संयम की शिक्षा प्रदान करता है। माननीय मंत्री ने वर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप से जिले में खेल के विकास में योगदान देने को कहा। उन्होंने आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल टनार्मेंट में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप जिला, राज्य और देश का नाम




रौशन करें। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि क्षेत्र और खेल का विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इस टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर में छुपी प्रतिभा को राज्य व देश स्तर पर लाना है। जिला परिषद उपाध्यक्ष सह एथलेटिक्स एसोसियेशन के अध्यक्ष वृज किशोर तिवारी ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में जिले में खेल का काफी विकास हुआ है। जिले के खिलाड़ियों ने राज्य और देश स्तर पर चतरा का परचम लहराया है। उन्होंने खिलाड़ियों से ऐसे ही खेलते रहने की बात कही। अंडर 15 बालक एवं अंडर 15 बालक बालिका जो प्रखंड स्तर के खेल में विजेता टीम घोषित हुई है। वही सभी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं रविवार का प्रथम मैच गिद्धौर बनाम हंटरगंज के बीच मैच खेला गया जिसमें गिद्धौर की टीम 3 -0 से विजय हुई। दूसरा मैच चतरा बनाम लावालोंग के बीच मैच खेला गया जिसमें चतरा के टीम 3- 0 से विजय हुई। तीसरा मैच सिमरिया बनाम कुंदा के बीच खेला गया जिसमे सिमरिया के टीम 1- 0 से विजय हुई ।चौथा मैच टंडवा बनाम कान्हाचट्टी के बीच मैच हुआ। टंडवा प्रखंड की टीम 1 - 0 से विजई हुई। उक्त मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप,जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी,उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, चतरा के अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) रोहित रजवार,जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक,जिला क्रीड़ा पधाधिकारी तुषार राय,चतरा जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री चंद्रेश शर्मा, चतरा जिला ओलंपिक संघ के सचिव श्री राकेश कुमार सिंह , चतरा जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष श्री जितेंद्र चंद्रवंशी, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ श्री मनोज कुमार सिंह एवं नोडल पदाधिकारी शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार, शारीरिक शिक्षक श्री अबोध राम, श्री राघवेंद्र चौधरी, जितेंद्र कुमार यादव , मुकेश कुमार,मंजू कुमारी, कुशुम कुमारी सुबीर कुमार, जितेंद्र कुमार पांडे, सीमा श्रीवास्तव, श्याम किशोर, जितेंद्र कुमार पाण्डेय,चंदन कुमार पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा , सत्यम कुमार उपस्थित थे।मैच रैफरी के रूप में वीरेंद्र कुमार रविदास, जगदीश सिंह भोक्ता ,योगेंद्र रविदास, संतोष यादव, डब्लू राम एवं दिलीप राम थे।मंच संचालन शारीरिक शिक्षक श्री अबोध राम के द्वारा किया गया।

### एक नजर में

## रेल थाना का प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेल थाना कांड संख्या 32/24 का प्राथमिकी अभियुक्त 26 वर्षीय बबलू दांगी उर्फ अमरनाथ दांगी पिता वकील दांगी ग्राम थाना गिद्धौर चतरा निवासी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार रेल न्यायालय धनबाद भेज दिया गया। इस संबंध में रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 6 जून को रेल एसपी मनोज कुमार स्वर्गीयार के गुप्त सूचना पर जीआरपी वह आफ की संयुक्त कार्रवाई में कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार से एक युवक को लगभग 3 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। जिसकी स्वीकारोक्ती बयान के बाद जीआरपी ने बबलू दांगी को गिद्धौर से पकड़ा। बताते चलें कि इसे मामले में जीआरपी ने पूर्व में ही 20 वर्षीय दशरथ कुमार राण पिता विनोद राणा थाना जोरी जिला चतरा निवासी को जेल भेजा जा चुका है।

## हाइवा एसोशिएशन ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** हाइवा एसोशिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा कोडरमा सांसद सह कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी को केटीपीएस बांझेडीह ओवरलोड छाई ढुलाई बंद करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांझेडीह से छाई ढुलाई में सभी गाड़ियों से ओवरलोड माल ढुलाई की जा रही है। इससे आसपास के क्षेत्र में काफी प्रदूषण हो गया है, इस पर रोक लगाया जाय। प्राथमिकता के आधार पर विस्थापितों एवं प्रभावितों के हाइवा को काम में लगाया जाये। पूर्व में जो भी कंपनी अपना काम पूर्ण कर लिया गया है। वह जनवरी 2024 से अबतक भुगतान नहीं किया गया है, उसे किया जाये। नया काम को बगैर भुगतान किये शुरू नहीं किया जाये। वहीं मंत्री ने भी इस बाबत निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश यादव, अरुण यादव, रंजीत यादव, पिंटू यादव आदि के नाम शामिल हैं।

## जमीनी विवाद में घायल युवक जिंदगी व मौत से जूझ रहा, रिम्स में चल रहा इलाज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल एक युवक सन्नी कुमार सिंह जिंद्गी व मौत से जूझ रहा है। घटना 18 जून की बताई गई है। घटना को लेकर तिलैया थाने में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस ने शुक्रवार को दिनेश कुमार सिंह उर्फ गुड्डी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिए गए आवेदन में प्रथम पक्ष की ओर से सनी कुमार सिंह ने बताया कि 18 जून को अपराह्न 3: 30 बजे गुमो चौक फ्लाईओवर के निकट उमेश सिंह, मुकेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह उर्फ गुड्डी सिंह तीनों के पिता स्व. गोविंद सिंह, पप्पू सिंह पिता उमेश सिंह, शंकर सिंह पिता परमेश्वर सिंह, विशाल कुमार सिंह पिता शंकर सिंह सहित दो दर्जन लोगों ने साजिश के तहत उन पर जानलेवा हमला करते हुए लाठी डंडे से सर पर वार किया, जिससे उसके दोनों हाथ टूट गया है और सर फट गया था तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट के निशान भी पायी गयी थी। आवेदन में यह भी बताया गया कि घटना के वक्त शंकर सिंह उसके पॉकेट से 2000 निकाल लिए जबकि उमेश सिंह गला दबाते हुए सोने का चैन छीन लिया, जिसकी कीमत 60 हजार बताई गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों के आने से उनकी जान बच गई। फिलहाल घायल सन्नी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया था, जहां उसकी इलाज चल रही है। वहीं दूसरी ओर आरोपी पक्ष की ओर से कहा गया घटना बेंबुनियाद है।

## नशा मुक्ति के खिलाफ जीआरपी ने निकाली जागरूकता रैली, की सभा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेल एसपी मनोज कुमार स्वर्गीयार के निर्देशानुसार जीआरपी की ओर से रविवार को नशीली पदार्थो की तस्करी रोकने व आम जनों को नशीली पदार्थो का सेवन नहीं करने के प्रति जागरुक करते हुए रैली निकाली। वहीं रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने कहा कि 26 जून को पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत नशीली पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए लोगों से अपील की गई। उन्होंने कहा कि नशा ही सभी प्रकार के अपराधों की जड़ है। युवा यदि अपने जीवन में कामयाब होना चाहते हैं तो हर प्रकार का नशा से दूर रहना होगा। वहीं भाजपा नेता रमेश हर्षधर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नशे की लत से दूर रहकर ही समाज व राष्ट्र को स्वस्थ्य बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.नरेश पंडित, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज शाहा, सर्जन डॉ.प्रवीण कुमार ने कहा कि नशा की लत में समाज के युवा पीढ़ी का तेज रफ्तार से बढ़ना अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने इसके लिए आम जनों से अपील कि है की किसी भी तरह की नशे की गतिविधि की सूचना पुलिस तक अवश्य पहुंचाए। वहीं उपेंद्र पासवान ने मौजूद लोगों को नशा मुक्ति को लेकर शपथ दिलाई। मौके पर विनोद यादव, संजय कुमार शर्मा, विकास कुमार, टीटीई, आरपीएफ व जीआरपी के जवान मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चे को दिखाया चलचित्र

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चे को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आमिर ख़ान द्वारा निर्मित चलचित्र तारे जमीं पर दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी के उपस्थिति में आयोजित की गई। वहीं बच्चों के मानसिक एवं व्यावहारिक स्थिति को मजबूत एवं स्वस्थ बनाने के उदेश्य से चलचित्र दिखाया गया। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि चलचित्र देखने से हमारी मानसिक विकृतियां विमुक्त होती है और हमें तरोताजा अनुभूति होती है। वहीं मु कुमारी, गंगा कुमारी, राखी कुमारी, मुस्कान कुमारी, प्रीती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नैना कुमारी, ज्योति कुमारी, ममता कुमारी, खुशबू कुमारी, सुमित कुमार, रितेश कुमार, नितेश कुमार, सागर कुमार, हीरा कुमार सहित लगभग 70 बच्चे एवं महाविद्यालय के बी.एड.सत्र 2022-24 की प्रशिक्षु ज्योति कुमारी, शम्मा प्रवीण, खुशबू रानी, वैभवी श्री, स्वाति कुमारी एवं अन्य सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर जिला ओलंपिक संघ के तत्वाधान में एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**चतरा।** चतरा जिला ओलंपिक संघ के तत्वाधान में 23 जून से 29 जून तक जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। हंटरगंज प्रखंड, टंडवा प्रखंड के मिश्रौल और पिपरवार कोयलांचल बचरा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत गोला फेंक, चक्का फेंक, 2000 मीटर, 1600 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। हंटरगंज के कॉलेज ग्राउंड में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक वर्ग 1600 मीटर दौड़ में राहुल कुमार ने प्रथम स्थान, आशीष कुमार ने द्वितीय स्थान एवं दीपक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 2000 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में मुस्कान कुमारी (प्रथम), निर्मला कुमारी (द्वितीय) एवं रानी कुमारी (तृतीय) विजेता रहीं। टंडवा प्रखंड के पिपरवार 4 नंबर मैदान बचरा में आयोजित प्रतियोगिता में गोला फेक, चक्का फेक, 100 मी, 200 मी, 400 मी एवं 600 मीटर दौड़ का इवेंट कराया गया। मिश्रौल में आयोजित प्रतियोगिता में 600 मीटर बालिका वर्ग में लीलम कुमारी प्रथम, सपना कुमारी द्वितीय ,पल्लवी कुमारी को तृतीय स्थान मिला। बालक वर्ग में रिन्कु कुमार प्रथम, सोहीत कुमार द्वितीय और श्रवण कुमार तृतीय स्थान पर रहे। रेस वाल बालिका वर्ग में अर्चना कुमारी प्रथम ,सुनैना कुमारी द्वितीय ,चंचल कुमारी तृतिय रही।

## स्पीड न्यूज

### पांच सालों में पांकी विस क्षेत्र का विकास नहीं हुआ : ओंमकारनाथ



मेदिनीनगर/सतबरवा। पांकी विधायक दलित और आदिवासी समाज को केवल धोती और साड़ी देकर मूर्ख बना रहे हैं। विधायक इस समाज को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं करना चाहते है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पांकी विधानसभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे सतबरवा के ग्राम एकता में ग्रामीणों से मिलने के बाद कही। जायसवाल ने कहा कि 5 सालों में विकास के कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में नया चेहरा के हाथों में इस विधानसभा का कमान सौपना होगा तब जाकर इस विधानसभा का कायाकल्प होगा। मौके पर श्याम बिहारी सिंह, रविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अखिलेश कुमार, अमरेश कुमार मेहता, जगन भुईयां, अरुण कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, राजेश गुप्ता, शंकर गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अरविंद साव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जिप प्रतिनिधि को रुदीडीह के ग्रामीणों ने पानी की समस्या से कराया अवगत



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव ने भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने जल मीनार एवं चापाकल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि ग्राम खजूरी का जल मीनार लगभग पांच महीनों से खराब पड़ा हुआ है। ग्राम खजूरी टोला पूर्णडीह के जलमिनार दो सालों से खराब है। वहां के ग्रामीणों की बात माने तो उनके द्वारा कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि को मौखिक एवं लिखित रूप से जानकारी दिया गया है। लेकिन आज तक जलमिनार नही बन पाया है। वही नंद यादव ने बताया कि सिक्यूटिव से टेलीफोनिक माध्यम से बात किया गया। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी जलमिनार को ठीक करा दिया जाएगा। पूर्व मुखिया मुहफिज अंसारी के द्वारा कहा गया कि हमारे द्वारा कई बार अधिकारियो को अवगत कराया गया है। सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है लेकिन आज तक नहीं बना है। इस मौके पर राकेश कुमार, नंद यादव, छोटू सुदर्शन सिंह विकारी राम एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हुसैनाबाद पलामू। हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 9 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 9 लोगों पर 89 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें विनय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, रामजय शर्मा, राजू साव, हरिपुजन सिंह, दौलत सिंह, उमेश यादव, सुरेंद्र पासवान व अजीत कुमार शामिल हैं। इसकी जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजीत शामिल थे।

### पलामू में पेयजल संकट ले रहा विकराल रुप, सांसद से है पहल की जरूरत : शिक्षाविद



विश्रामपुर पलामू। पलामू में पेयजल संकट विकराल रूप लेता जा रहा है। लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। नदी, नाले, आहर पोखर तालाब आदि सभी जलश्रोत सूख गए है। आदमी हीं नहीं पशु पक्षी भी पानी की खोज में भटक रहे हैं। ऐसे में पलामू सांसद को पेयजल की दिशा में पहल की जरूरत है। उक्त बातें शिक्षाविद अशोक पांडेय ने कहा। वे अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए सांसद बीडी राम का होना गर्व की बात है। पलामू की जनता अपार मत देकर जीत की हैट्रिक लगवाई। मोदी-तीन मंत्रीमंडल में बीडी राम को शामिल न कर पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। कहां कि पलामू सांसद बीडी राम से लोगों को ढेरों सारी अपेक्षाएं हैं। संसदीय क्षेत्र में पेयजल की बहुत बड़ी समस्या बन गई है, लोग भटक रहे हैं। केंद्र सरकार की हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की जल नल योजना बिल्कुल फेल हो गया। कागज पर योजना दिखाकर विभागीय पदाधिकारी की मिलीभगत से पैसों की बंदरबांट हो रहा है। सांसद बीडी राम इस पर संज्ञान लेते हुए संवेदक पर दबाव डालकर कर कार्य कराए। संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से कार्य की केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है।

### विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने किया 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उदघाटन



पाटन पलामू। पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि जिला परिषद उमेश सिंह ने ग्राम करर खुर्द में नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर सिंह ने कहा कि पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पाटन प्रखंड के करर खुर्द गांव में कुछ दिन पूर्व लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसकी जानकारी समाजसेवी शैलेश मेहता के द्वारा पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) उमेश सिंह को दिया गया। उमेश सिंह ने तत्काल इस पर पहल करते हुए इस समस्या को पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद मनोज कुमार और पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा जी के समक्ष रखा। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व सांसद मनोज कुमार तथा विधायक ने बिजली विभाग से संपर्क स्थापित कर ग्राम करर खुर्द हेतु 100 केवीए ट्रांसफार्मर का व्यवस्था करवाया। मौके पर समाजसेवी शैलेश मेहता विकास साव, राजू माली, जितेंद्र सिंह, मनोज सिंह, सुरेश यादव, विजय महतो, मनोज सिंह, सुरेश यादव, धर्मदेव साव, जीतवाहन सिंह, सुरेंद्र सिंह, परशुराम महतो, गुड्डू मेहता, निहोरा पासवान, निरो सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### महिला ने लगाई गांव के युवक पर दुष्कर्म का आरोप

पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के मेराल ग्राम की सब्जी बिक्रेता एक महिला ने गांव के ही जटु सिंह पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाई है। महिला ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर दुष्कर्म के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। महिला ने कहा कि 21 जून को शाम करीब आठ बजे घर में खाना बना रही थी इसी दौरान जटु सिंह मेरे घर में घुस कर गलत हरकत करने लगा। हल्ला मचाने पर मेरे पति आये तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। मेरे पति को अंदरूनी चोट लगी है। महिला ने थाना प्रभारी से पहल कर कार्रवाई की मांग की है।

### मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल का वितरण



मोहम्मदगंज पलामू। प्रखंड कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ रणवीर कुमारी, बीईईओ महेंद्र प्रजापति, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामवचन बैठा ने किया। इस मौके पर मुखिया कमला देवी, प्रिया सिंह, पंसस ममता देवी, प्रशांत सिंह, सुशील मेहता, रंजना भारती, शशिकला, अनिल सिंह, बिहारी रविदास, संतोष राम, धनंजय कुमार, अर्जुन राम, अनिल पाल, सुनील कुमार लोग शामिल थे।

सांसद विष्णु दयाल राम ने की केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा, बोले

# खराब पड़े जल मीनार और चापानल को शीघ्र करें दुरुस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते बीडी राम।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू जिला समाहरणालय सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्य रूप से मेदिनीनगर फेज 2 पेयजलापूर्ति योजना, सोन-कोयल- ओरंगा पाइपलाइन सिंचाई योजना, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत एनएच 75 एवं 98 का फोरलेन सड़क एवं फोरलेन बाईपास निर्माण के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में राम ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की। नल जल योजना के तहत पलामू जिला अंतर्गत विभिन्न जगहों पर खराब पड़े जल मीनार एवं चापानल को चिन्हित कर यथाशीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया। सांसद राम ने कहा कि इस तपिश भरी गर्मी में लोगों को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने नल जल योजना के तहत अपने प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षो से खराब पड़े जलमीनार एवं चापानलों की मंगाई गई विस्तृत सूची को भी सुपुर्द किया। विभिन्न योजनाओं की धीमी गति के कारण सांसद ने पदाधिकारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 एवं एनएच 98 के फोरलेन सड़क के कुछ जगहों पर रुके हुए कार्यों को भी जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। कुछ स्थानों पर लोगों को मुआवजा मिल गया है और कुछ मुआवजे की राशि बाकी है जिसके कारण कार्य बाधित है। उसे अविलंब मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया ताकि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके। वहीं अन्य योजनाओं में भी तीव्रता लाने हेतु संबधित पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनन्द, आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम, अपर समाहर्ता कुन्दन कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# पांकी विधायक ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह से की शिष्टाचार भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने आईसीएआर गेस्ट हाउस, नामकुम, रांची में भारत सरकार के कृषि मंत्री, कुशल नेतृत्वकर्ता सह झारखण्ड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इसके पश्चात विधायक श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि करिश्माइ नेतृत्वकर्ता सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री सह झारखण्ड प्रभारी हेमंत विश्व शरमा के कुशल मार्गदर्शन में आसन्न बिधानसभा चुनाव में भाजपा परचम लहरएगी और प्रचण्ड बहुमत से झारखण्ड में सरकार बनाएगी। डॉ मेहता दोनों कुशल नेतृत्वकर्ता को झारखण्ड का प्रभारी व सह प्रभारी बनाये जाने पर केंद्रीय नेतृत्व की प्रशंसा की है।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला का समापन

# कार्यशाला से शिक्षकों के ज्ञान व अनुभव में वृद्धि होती है : प्राचार्य डॉ ए के सिंह





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में केन्दीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली के द्वारा कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत शिक्षकों हेतु कैरियर गाइडेंस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका रविवार को समापन हुआ। शनिवार को कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह, शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित रिसोर्स पर्सन चिंसू सिंह एवं डॉ गुलाम नबी खान द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि सीबीएसइ द्वारा कक्षा के बच्चों को कैरियर गाइडेंस द्वारा बेहतर भविष्य निर्माण की शिक्षा कैसे दी जा सकती है इस बावत यह कार्यशाला आयोजित की जाती है। इस प्रशिक्षण द्वारा छात्र तो लाभान्वित होंगे ही साथ ही शिक्षक के ज्ञान में भी वृद्धि होती है। छात्र कक्षा में रुचिकर ढंग से अध्ययन करें, यही इस कार्यक्रम की सफलता है। कैरियर गाइडेंस के इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 60 शिक्षकों ने भाग लिये। मंच संचालन शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह के द्वारा किया गया।

# विधायक आलोक से जनता नाराज

## बैठक में कार्यकर्ताओं ने विधायक से अलग होने का लिया निर्णय

राजकुमार व धर्मेन्द्र चौरसिया ने कहा कि पुराने कार्यकर्ताओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया पूर्व में अपने क्षेत्र में नहीं जाते थे। अब विधायक क्षेत्र की जनता से मिलने से भी डरते हैं। स्व अनिल चौरसिया के पुराने कार्यकर्ताओं को भी विधायक तरीजह नहीं दे रहे हैं और उनके भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस कारण डालटनगंज-चैनपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ता विधायक आलोक चौरसिया से नाराज हैं। अब पुराने कार्यकर्ता एकजुट होकर विधायक से अलग होने का निर्णय लिया है। उक्त बातें बिधायक अलोक चौरसिया करीबी कार्यकर्ता राज कुमार चौरसिया व धर्मेंद्र कुमार चौरसिया ने कही। नेताद्वय ने कहा कि विधायक के इस क्रियाकलाप से सभी पुराने कार्यकर्ता आहत हैं। इसे लेकर कचहरी प्रांगण में स्व अनिल चौरसिया के सभी पुराने कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें सदर, शहर, चैनपुर व सतबरवा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिये। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष बिहारी साव ने की और संचालन मुस्तकीम अंसारी ने किया। बैठक में डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं के साथ विगत दस वर्षों से भेदभाव किया जा रहा है। साथ ही उपेक्षित किया गया है। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ विधायक द्वारा खिलवाड़ किया गया। जो अब कार्यकर्ताओं के बर्दाश्त से बाहर है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे विधायक से नाराज होकर आपसी एकजुटता दिखाते हुए अपनी सहमति के साथ विधायक आलोक चौरसिया से अलग होने का निर्णय लिया है। कार्यकर्ताओं की सहमति के बाद आगे की राजनीतिक भविष्य के लिए अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। बैठक में शंभु प्रसाद, राजा गुप्ता, मो आसिफ हुसैन, राजेश चंद्रवंशी, मुद्रिका राम, रामलाल राम, मंजू देवी, जावेदन खां, एकराम अंसारी, चंदू चंद्रवंशी, विश्वास सिंह, बाबूलाल राम, रेयाजुद्दीन अंसारी, रामदास उरांव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# फर्जी एलपीसी बनाने के मामले में प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** चैनपुर सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने फर्जी तरीके से एलपीसी निर्गत करने के मामले में शिव कुमार, बाबूलाल शर्मा व दीपक कुमार सिंह सहित अज्ञात लोगों पर लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मालूम हो कि इसके पूर्व चंद्रशेखर कुणाल लेस्लीगंज के सीओ थे। वह 16 सितंबर 2022 से चार जुलाई 2023 तक सीओ के रूप में प्रतिनियुक्त थे। लेस्लीगंज के राजस्व उप निरीक्षक द्वारा चैनपुर सीओ चंद्रशेखर कुणाल को सूचना दी गयी थी कि उनके फर्जी हस्ताक्षर से कुछ एलपीसी निर्गत किये गये हैं, जो उनके कार्यकाल का नहीं है। चंद्रशेखर कुणाल ने इसकी सूचना डीसी को दी। डीसी के निर्देश पर जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता सदर, सीओ व चंद्रशेखर द्वारा अंचल कार्यालय में जाकर जांच की गयी। जांच में पता चला कि एलपीसी फर्जी बनाया गया है।

# वीर सपूतों की शहादत बेकार नहीं जाती : देवेंद्र सिंह

## शहीद युगंबर दीक्षित का शहादत दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के जगतपुरवा मोड़ पर कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित का 25वां शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। पांकी विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शहीदों की कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी। आज का दिन जिले के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। क्योंकि आज ही के दिन पलामू के लाल युगंबर दीक्षित ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मनों का डटकर मुकाबला करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। वही शहीद के पुत्र युद्ध विजय ने कहा कि देश के लिए शहीद होना बहुत ही फक्र की बात है।

आप सभी राष्ट्रभक्त बने शहीद युगंबर के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर व्यास प्रेम गिरि एवं उनके टीम द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भाव विभोर बना दिया। कार्यक्रम संचालन मंजय तिवारी ने किया। कार्यक्रम में शहीद के भतीजा राहुल दीक्षित, संजय दीक्षित, शंकर तिवारी, उदय तिवारी, विनोद तिवारी, उमेश तिवारी, मुखिया अरविंद शुक्ला, अवधेश दुबे, मदन तिवारी, अनिल शुक्ला, प्रदुमन तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आनंदमार्ग ने राजहरा में लगाया मेडिकल कैंप



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। लेस्लीगंज के राजहरा गांव में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप का नेतृत्व संघ के लेस्लीगंज उपभुक्ति राजहरा इकाई आभा सेवा सदन के द्वारा किया गया। कैंप में डॉक्टरों के द्वारा 50 से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज और उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। उप भुक्ति संतू लाल ने बताया कि आनंदमार्ग की ओर से कैंप का आयोजन किया गया है, यह कैंप हर रविवार प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप के सहयोग में पलामू के भुक्ति प्रधान मधेश्वर, उप मुखिया मनोज सिंह, पंचायत सचिव दिवाकर कुमार, वार्ड सदस्य पन्नालाल, दिनेश, रामस्वरूप व अन्य आनंद मार्गी गण उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद



मेदिनीनगर। भाजपाइयों ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में जिले के कई बूथों पर मनाया। मेदिनीनगर के बूथ संख्या 185 पर हुए कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता अभिमन्यु तिवारी ने कहा कि मुखर्जी सच्चे अर्थो में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर विजय ठाकुर, ओम प्रकाश पप्पू, श्रवण गुप्ता, रवि गुप्ता, भागलपुरी यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चैनपुर : गाय शेड के नाम पर सरकारी पैसों का बंदरबाट

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के करसो पंचायत में मनरेगा से रमेश यादव का गाय शेड बना हैं जिसका कार्य कलाप सही नहीं हैं। गाय शेड हवादार और उसमे बड़ा नाद बनाना था लेकिन लाभुको द्वारा पाइप पर गाय शेड पुराने दीवार से जोड़कर निर्माण करा दिया गया। जबकि गाय शेड का अपना चार दिवारी होना चाहिए लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ नहीं हैं। वहीं गाय शेड में पशु के जगह पर इंसान का रैन बसेरा बना हुआ हैं ऐसा ही हाल करसो पंचायत में देखने को मिल रहा हैं। वहीं आरके ट्रेडर्स के संवेदक एस कुमार यादव की मिली भगत से सरकारी पैसों का बंदरबाट कर लिया गया। वहीं लाभुक रमेश यादव का भाई देवनाथ यादव ने बताया कि रमेश यादव मेरा भाई हैं जिसका नाम से गाय शेड पास हुआ था लेकिन गाय शेड बनाने का काम मुझे करने को कहा था जो गाय शेड बनकर तैयार हो गया। राशि संवेदक के खाता में गया और संवेदक द्वारा रमेश यादव को 40 हजार दिया गया और अधिकारी व जनप्रतिनिधि को रिश्वत देने का नाम पर हमारा गाय शेड का 50 हजार संवेदक द्वारा हड़प लिया गया।

# ज्ञान निकेतन स्कूल में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन स्कूल में योग दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे पहले प्रार्थना सभा में स्कूल के प्राचार्य मनोहर पांडेय ने बच्चों को योगा के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, विद्यालय के शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल, विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से योग का न सिर्फ प्रचार होगा बल्कि इसकी लोकप्रियता भी बढ़ती है। मौके पर शिक्षक राज कुमार साहू, पंकज तिवारी तथा सुप्रिया जायसवाल ने योगदान दिया। कार्यक्रम में शिक्षक रामप्रवेश पंडित, कौशलेंद्र कुमार, पूजा दुबे आदि ने सहयोग दिया।

### पांडू पुलिस ने तीन बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अल्हना के पास बांकी नदी से रात्रि में अलग अलग स्थान से तीन अवैध बालू लदा ट्रेक्टर को पांडू पुलिस ने पकड़ा है। ट्रैक्टर को जब्त कर पांडू थाना में लाया गया है। पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बताया कि इस संबंध में आगे करवाई करने की प्रक्रिया चल रही है। क्षेत्र में किसी को भी अवैध रूप से बालू ढूलाई करने का छूट नहीं दिया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में मां की मौत और पुत्र जख्मी

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम दारूडीह निवासी सुदर्शन सिंह की पत्नी अस्तु देवी 45 वर्ष की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। जबकि उसके पुत्र शशिकांत सिंह गंभीररूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। ज्ञात हो कि शशिकांत अपने मोटरसाइकिल से मां को लेकर पांकी गया था। पांकी से लौटने के क्रम में ग्राम साहद के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसमें मां व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां पर चिकित्सक ने अस्तु देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल शशिकांत का इलाज किया जा रहा है। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे। इधर शहर थाना पुलिस ने मृतका का अंत्यपरीक्षण कराया।

# सिंगरा में जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत का शुभारंभ

## सायंकाल छह बजे से आठ बजे तक चलेगा प्रवचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** देश के महान मनीषी तपोनिष्ठ पूज्य संत, प्रातः स्मरणीय 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम कृपापात्र श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत (2024) का शुभारंभ शनिवार से हो गया है। विंध्य क्षेत्र अंतर्गत पलामू जिले के सिंगरा (डालटनगंज) स्थित कोयल व अमानत नदी के पावन संगम स्थल पर 23 जून से शुरू होकर यह धार्मिक व आध्यत्मिक आयोजन 17 अक्टूबर तक चलेगा।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सैकड़ों भक्त रातदिन लगे हुए है। उन्होंने प्रवचन व इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर इसका भरपूर लाभ उठाने की अपील की है। अध्यक्ष सिंह ने बताया कि रविवार को शाम छह से आठ बजे तक प्रतिदिन प्रवचन का कार्यक्रम होगा।

### जनतंत्र मोर्चा ने किया मंतजीर हत्या मामले की जांच की मांग

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने मंतजीर हत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का मांग एसपी से किया है। बीजेएम जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा है कि चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ में 15 वर्षीय व्यवसाई मंतज़िर मियां का 21 फरवरी की रात्रि में हत्या कर दी गई थी परंतु अब तक व्यवसाई हत्या मामले में घटना का उद्बेदन नहीं होना निराशा जनक है। पांडे ने कहा है कि अपराधी का हत्या कर बाहर घूमना प्रशासन के लिए चुनौती तथा समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने मंतजीर मामले में पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर प्रश्न उठाया है। जिला अध्यक्ष पांडे ने कहा है कि उस्मान ने अपना बेटा खोया है उसे न्याय मिलना चाहिए। मोर्चा ने संज्ञान में लाने के लिए एसपी को मांग पत्र दिया है।

# मेडिकल कैंप, पौधरोपण और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जायेगा : विहिप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और इसके आयामों के प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक ने की और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत 24 जून से 30 जून तक जिला के विभिन्न स्थानों पर वंचित वर्ग के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। बजरंग दल के द्वारा प्रत्येक गांव में पौधरोपण की जाएगी। जिला मुख्यालय में दो सिलाई मशीन के साथ एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। बैठक में विभाग संगठन सह मंत्री महेंद्र नाथ, संगठन मंत्री विजय यादव, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, मंत्री दामोदर मिश्र, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, रवि तिवारी, गौरक्षा प्रमुख भोला अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, पाटन से गौरक्षा प्रमुख रामबरत सिंह, हरी नगर से विवेक दुबे, शीतल तिवारी, विवेक सिंह, अरुण सिंह, नीलांबर पितांबरपुर से अध्यक्ष आनंद कुमार, उपाध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा, रौशन कुमार मेहता, दीपक मेहता, चैनपुर से मुकेश प्रजापति, सतबरवा से सुनील कुमार, विश्रामपुर से विकाश कुमार, हिमांशु पांडेय, नवा बाजार संयोजक सौरभ पांडेय, छतरपुर से प्रकाश सिंह, सोनू सिंह, बिट्टू जॉन, विकास गुप्ता, और विश्रामपुर से अंश सोनी, मनीष भीवानिया, संतोष प्रसाद यादव शामिल थे।

